दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 336 मुरादाबाद 08 April 2022 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## हिमाचल में जयराम ठाकुर को हटा अनुराग को सीएम बना सकती है भाजपाः मनीष सिसोदिया



दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने दावा किया है कि भाजपा हिमाचल प्रदेश में अनुराग ठाकुर को चीफ मिनिस्टर बना सकती है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि राज्य में उसकी लोकप्रियता में कमी आई है, जिससे निपटने के लिए भाजपा ऐसा कदम उठा सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी लोकप्रियता में आई कमी के मद्देनजर अनुराग ठाकुर को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश कर सकती है। सिसोदिया ने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से उन्हें यह जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि बुधवार को राज्य के मंडी जिले में आम आदमी पार्टी की रैली से भाजपा में घबराहट का माहौल है।मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल के गवर्नेंस मॉडल से भाजपा में खौफ है। साढ़े चार साल में जयराम सरकार हर मोर्चे पर नाकाम साबित हुई है। भाजपा को हिमाचल की जनता से साढ़े चार साल की बर्बादी करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। अब भाजपा चाहे मुख्यमंत्री बदले या मंत्री, उससे कुछ नहीं होने वाला है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बुधवार को मंडी जिले में पहुंचे थे और आम आदमी पार्टी की तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया था। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने हिमाचल की जनता से 5 साल मांगे थे।

### अरविंद केजरीवाल ने हिमाचल की जनता से मांगे थे 5 साल

उन्होंने कहा था कि राज्य की जनता ने 32 सालों तक कांग्रेस को सत्ता दी और 17 सालों तक भाजपा को भी शासन के लिए मौका दिया था।लेकिन बदले में इन पार्टियों ने सिर्फ भ्रष्टाचार और लूट को ही बढ़ावा दिया। अब उन्हें आम आदमी पार्टी को 5 साल के लिए मौका देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने दिल्ली में विकास किया था, उसी के रास्ते पर पंजाब को आगे ले जाएंगे और वही मॉडल में हिमाचल में भी लागू किया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भले ही हमें राजनीति करना नहीं आता है, लेकिन स्कूल और अस्पताल खोलना आता है।

## पीएम मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लोगों को दी बधाई, वियतनाम के राजदूत ने योग को लेकर की भारत सरकार की तारीफ




आज दुनियाभर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। भारत में भी स्वास्थ्य के प्रति सरकार कई स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने लाल किले में योग उत्सव समारोह में हिस्सा लिया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस अवसर पर लोगों के स्वास्थ्य की कामना की। पीएम ने ट्वीट कर कहा कि सरकार आने वाले समय में समग्र स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अपने आयुष नेटवर्क को मजबूत करने जा रही है।

### वियतनाम के राजदूत ने की सरकार की तारीफ

लाल किले में योग उत्सव समारोह पर भारत में वियतनाम के राजदूत फाम सान चाऊ ने योग को सबके लिए महत्वपूर्ण बताया और हर दिन इसका अभ्यास करने को कहा। उन्होंने इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा देश में योग के विचार को अच्छी तरह से लागू करने को लेकर सराहना भी की। वहीं दूसरी और इस मौके पर सर्बिया की राजदूत सिनिसा पाविक ने रूस और यूक्रेन की स्थिति पर बात करते हुए कहा कि युद्ध के बाद से वहां की स्थिति बेहद खराब है और इसका जल्द समाधान निकालने की अपील की।

### चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में तेजी से हुआ परिवर्तन

पीएम ने इस मौके पर सरकार की जन औषधि योजना का भी जिक्र किया और कहा कि जब मैं पीएम जन औषधि जैसी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत करता हूं तो मुझे बहुत खुशी होती है। सस्ती स्वास्थ्य सेवा पर हमारे ध्यान ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए महत्वपूर्ण बचत सुनिश्चित की है। पीएम ने आगे कहा कि पिछले 8 वर्षों में चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन हुए हैं और कई नए मेडिकल कॉलेज खुल गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय भाषाओं में चिकित्सा के अध्ययन को सक्षम बनाने के हमारी सरकार के प्रयास अनगिनत युवाओं की आकांक्षाओं को पंख देंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस अवसर पर ट्वीट कर कहा कि कोरोना महामारी के बाद स्वास्थ्य अब वैश्विक प्राथमिकता है। पहला सुख-निरोगी काया का जो संदेश भारतीय संस्कृति ने हमेशा दिया, उसे आज दुनिया स्वीकार रही है। वहीं सर्बानंद सोनोवाल ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर उन सभी स्वास्थ्य कर्मियों की तारीफ की और कहा कि उन्हीं के चलते हम स्वस्थ और सुरक्षित हैं।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com


## मुर्तजा पर अखिलेश के बयान पर डिप्टी CM केशव मौर्य का पलटवार, बोले-खुलकर बतायें आतंकियों से हमदर्दी क्यों?

गोरखनाथ मंदिर में तैनात पीएसी जवानों पर हमले को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अखिलेश तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। केशव मौर्य ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर में हमला करने वाला आतंकवादी है। अपराधी जांच और तथ्यों के आधार पर जांच एजेंसी तय करेगी लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति ने अखिलेश यादव का बयान जनता की सुरक्षा का मज़ाक़ बनाना है। आतंकवादी, अपराधी कौन है यह सपा नहीं तय करेगी। एक निजी



चैनल से बातचीत में डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा, मैं यह मानता हूं कि अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी का रिश्ता-नाता आतंकवादियों के साथ पहले से प्रकट होता रहा है। जिस तरह से 2013 में जो आतंकवादी हमले हुए थे, उनके मुकदमे इन्होंने वापस लिए। जिस प्रकार से कोर्ट ने उन मुकदमों को वापस लेने पर रोक लगाई। फिर उन पर मुकदमा चला और उनको आजीवन कारावास और फांसी तक की सजा हुई। जिस तरह से अहमदाबाद ब्लास्ट के आतंकी के पिता के साथ अखिलेश यादव की फोटो सामने आई। यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि इस तरह के लोगों से पहले से इनके सम्बन्ध हैं। गोरखनाथ मंदिर पर हमला गंभीर घटना, पूर्व सीएम को नहीं करनी चाहिए टिप्पणी - डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा, गोरखनाथ मंदिर पर हमला बहुत बड़ी घटना है। यह साधारण नहीं है। गंभीर घटना है। जांच में जुटी पुलिस का मनोबल तोड़ने या ऐसे अपराध करने वालों का मनोबल बढ़ाने का ये जो प्रयास अखिलेश यादव द्वारा किया गया है, मैं उसकी कड़ी भर्त्सना करता हूं। अखिलेश यादव से कहना चाहता हूं कि खुलकर बताएं यदि उनको आतंकवादियों या ऐसे व्यक्ति से जो जांच के दायरे में है उसके बारे में कोई टिप्पणी इनको नहीं करनी चाहिए। वे पूर्व मुख्यमंत्री हैं। इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले शख्स को एक तरफ सुरक्षा बलों के लोग जान पर खेलकर पकड़ते हैं। उसके तार तमाम आतंकी संगठनों से पता चलते हैं। कई लोगों से पूछताछ जारी है। इस बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष जिन्होंने सदन में आकर शपथ ली, उनका यह बयान बहुत ही घटिया है, निंदनीय है। मैं इसकी कड़ी भर्त्सना करता हूं। रविवार की रात गोरखनाथ मंदिर में एक युवक द्वारा सुरक्षाकर्मियों पर हमले के बारे में पूछे जाने पर सपा अध्यक्ष ने संवाददाताओं से कहा था- अभी जो जानकारी आ रही हैं और उसके पिता ने जो कहा है उसके हिसाब से उसे दिमागी समस्याएं थी, उसके साथ बाइपोलर इश्यूज (मनोविकार) थे। मुझे लगता है, वह पहलू भी देखना पड़ेगा। भाजपा तो वह पार्टी हैं जो बात को न जाने कितना खींच देती है।

## भारतीय जनता पार्टी के कैंट बरेली विधायक संजीव अग्रवाल 10 किलो का गुलाब पुष्प से सुशोभित किया



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली -बिहारीपुर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 1 में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल जी का भव्य स्वागत योगेश कुमार बंटी महानगर अध्यक्ष ( अनुसूचित मोर्चा ) भाजपा, बरेली के नेतृत्व में समस्त मोर्चा द्वारा किया गया जिसमें योगेश बंटी जी ने पगड़ी पहनाई व शानू चौधरी जी महामंत्री द्वारा हनुमान जी की गदा भेंट की गई तथा विकास पासवान जी महामंत्री के द्वारा 10 किलो वजनी गुलाब पुष्प से सुशोभित माला द्वारा विधायक जी का माल्यार्पण किया गया तथा सौरभ कठेरिया जी सोशल मीडिया प्रभारी अनुसूचित मोर्चा महानगर बरेली द्वारा उनको अंग वस्त्र स्वरूप पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया प्रमुख रूप से विक्की गिहार कालीबाड़ी मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भाजपा महानगर बरेली, राजन कुमार, दलवीर सिंह एडवोकेट इंद्रजीत सिंह , गोविंद प्रसाद जी आदि लोग उपस्थित रहे

## 3 वर्षीय अपहरण किए गए बच्चे को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद-12 घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद अपहृत मासूम को पुलिस ने किया बरामद अपने इकलौते कलेजे के टुकडें को वापस आया देख माँ के आसूं निकल पड़े वह पुलिस को धन्यवाद देती नही थक रही थी शहर कोतवाली के तलैया फजल इमाम निवासी गुलशन पत्नी अर्जुन कश्यप नें कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया जिसमे आरोप था कि बुधवार को दोपहर 2 बजे गुलशन के घर पर पड़ोस की रहने वाली डोली पुत्री दिनेश मिश्रा आयी और उसके 3 वर्षीय बेटे आदित्य को खिलानें के लिए ले गयी जब वह दिनेश के घर बेटे की जानकारी लेनें गयी तो उसका बेटा आदित्य वहां नही मिला उसी समय लगभग 1 घंटा पहले ही डोली की बुआ रीमा देवी दिल्ली के लिए चली गयी शक होनें पर गुलशन ने रीमा देवी पर ही बेटे को गायब करनें का शक जाहिर किया और शाम को लगभग 7 बजे मुकदमा दर्ज कराया था

### पुलिस की 20 टीमों ने 7 घंटे में बरामद किया मासूम

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा तत्काल सक्रिय हो गये7 वह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे और 5 थाना प्रभारी वी व पुलिस की 20 टीमों का गठन कर उन्हें मासूम आदित्य की तलाश में लगा दिया आरोपी रीमा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होनें के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गयी7 सर्विलांस आदि की मदद से आरोपी रीमा देवी और उसके एक साथी को कमालगंज के ग्राम चाचूपुर से 7 घंटे में एसओजी टीम के द्वारा दबोचा गया और उसके पास से आदित्य को भी बरामद किया एसओजी प्रभारी बलराज भाटी आदित्य को बरामद कर लेकर पहुंच कर उसकी मां के सुपुर्द किया

## ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर सम्मान किया और बधाई दी

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली -भारत विकास परिषद पंडित दीनदयाल उपाध्याय शाखा ने धर्म कांटे स्थित कार्यालय पर वरिष्ठ रंगकर्मी सुनील धवन को ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर उनका सम्मान किया और बधाई दी। संस्था के संस्थापक वरिष्ठ रंगकर्मी कबीर पुरस्कार प्राप्त से सम्मानित जे सी पालीवाल ने कहा यह संस्था 1956 से पूर्व से कार्य कर रही है संस्था हमेशा नए नए कलाकारों को मौका देने का कार्य करती है आज संस्था से जुड़े कलाकार देश में ही नहीं विदेशों में अपने रंगकर्म का लोहा मनवा रहे हैं सुनील धवन को कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर उन्हें आशीर्वाद दिया और कहा हमने जो बीज लगाया है रंगकर्मी सुनील धवन के कार्यकारी अध्यक्ष काल में वह संस्था को आगे ले जाने का काम करेंगे। संस्था के नवनिर्वाचित कार्यकारी अध्यक्ष सुनील धवन ने कहा संस्था ने जो मुझ पर विश्वास जताया है मैं उस पर तन मन धन से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। नई पीढ़ी के कलाकारों को आगे लाने का प्रयास किया जाएगा और रंगकर्म के माध्यम से कलाकारों को रोजगार देने का भी प्रयास किया जाएगा। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एम एम अग्रवाल ने कहा बरेली रंगकर्म की धरती है सुनील धवन से मेरा कई वर्ष पुराना संपर्क है वह बहुत प्रतिभाशाली रंगकर्मी है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ बरेली के सभी डॉक्टर रंगकर्म को आगे बढ़ाने में उनका सहयोग करेंगे भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक रोहित राकेश ने कहा - सुनील धवन जी के अध्यक्ष बनने के बाद कलाकारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जे सी पालीवाल जी के संरक्षण और सुनील धवन की अध्यक्षता में बरेली रंगकर्म को एक नई दिशा मिलेगी।संस्था के राजीव शर्मा उर्फ टीटू भैया ने बताया वरिष्ठ रंगकर्मी सुनील धवन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाना संस्था का महत्वपूर्ण कदम है इससे नए कलाकारों को ऊर्जा मिलेगी।संस्था द्वारा बनाई गई नई कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष प्रसाद घिल्डियाल,सदस्य अम्बुज कुकरेती, संजय सक्सेना, राजीव शर्मा, सुदेश सैनिक, हरजीत कौर मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत, पवन कालरा आदि को भी हार्दिक शुभकामनाएं दी गयीं।

## एबीपीएसएस बरेली ने कैंडिल मार्च निकाल पत्रकारों के गिरफ्तारी का किया विरोध

### देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो:सत्यम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने कल कैंडल मार्च निकाल बलिया जिला प्रशासन द्वारा किए गए पत्रकार उत्पीड़न का विरोध करते हुए रिहाई की मांग किया। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष सत्यम शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन अपनी गलती छुपाने के लिए कलम कारों को जेल भेज दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से तुरंत हस्तक्षेप कर पत्रकारों के रिहाई की मांग करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग किया है। सत्यम शर्मा ने कहा है कि पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं ने पत्रकारों को झकझोर कर रख दिया है इसलिए देश में पत्रकार सुरक्षा कानून का होना नितांत आवश्यक है। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह के आवाहन पर आज बलिया मामले को लेकर बरेली के पत्रकारों ने गिरफ्तारी का विरोध जताया और रिहाई की मांग किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए अनुराग सक्सेना ने कहा कि अब पत्रकार सुरक्षा कानून की नितांत आवश्यकता है, प्रशासन और भ्रष्टाचारियों दोनों के कोप भाजन का शिकार पत्रकार हो रहा है। जिला अध्यक्ष सत्यम शर्मा के नेतृत्व में पत्रकारों ने शहीद स्मारक डीडीपुरम चौराहे पर एक कैंडल मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से अविलंब पत्रकारों की रिहाई की मांग की इसी के साथ प्रदेश मे पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सत्यम शर्मा, अनुराग सक्सेना, शशांक राठौड़, गुरुवचन, पुरषोतम सैनी, प्रयदर्शी विशाल शर्मा, रहीश खां, अजित प्रताप चौहान, नितिन मिश्रा आदि पत्रकार मौजूद रहे ।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार महिला बीट पुलिस अधिकारी,शक्ति मोबाइल, नारी सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्र गाँवों/विद्यालयों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के संबंध में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। थाना इकौना से नारी सुरक्षा दल द्वारा इकौना कस्बे में स्थित साईं बाबा मंदिर व व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंच कर महिलाओंअ/बालिकाओं को जागरूक किया गया। नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती से महिला बीट पुलिस अधिकारी संगीता यादव व राधा राना द्वारा कस्बा/क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# फर्म शाईनिग हैंडी क्राफ्ट में रमज़ान के पहले अशरे में कुरान ए पाक मुकम्मल हुआ



मौ.युसफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मोहल्ला बंगला गांव स्थित अकबर कंपाउंड में हाजी मोहम्मद उमर कि फर्म शाईनिग हैंडीक्राफ्ट में रमज़ान के पहले अशरे में कुरान ए पाक मुकम्मल हुआ जिसमें हाफिज कारी अमीर अली मोहतमीम मदरसा विरासतुल अमबया जयारत शाहबुलाकी ने हर रोज छे पारे पढ़ कर कुरान ए पाक मुकममल किया इस दोरान कुरान ए पाक सुनने वालों की बड़ी तादाद मौजूद रही मुकम्मल ए कलाम पाक के बाद हजरत मोलाना कारी अमिर साहब ने रमज़ान की फज़ीलत बयान करते हुए फरमाया की यह महीना अललाह कि रहमतों का महीना हे इस माहे मुबारक में अललाह ताला अपने बनदो पर खास रहमतें बरसाता है उनहोंने कहा इस महीने में जहाँ हम अपने दसतर खान वसी करते हैं वही हमें ग़रीबों मिसकिनो का भी खयाल रखना चाहिए उसके बाद हज़रत कारी अमिर साहब ने दुआ कराई जिस में मुल्क में अमन चैन और खुशहाली के लिए अलल्लाह की बारगाह में आवाज बुलंद कि जिस पर सभी ने आमीन की सदाएं बुलंद कि दुआ के बाद हाजी मौहम्मद उमर ने कुरान ए पाक सुनने आये सभी मेहमानों का खुश दिली से शुक्र या अदा किया इस मौके पर हाजी मोहम्मद उमर सामा कारी आसिफ असलम तहसीन वसीम नाजिम सईद अनवर हाजी असद इनामुल हक नौशाद अली आदि मौजूद रहे

# कांठ में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर तालाबंदी की दी चेतावनी



मुरादाबाद-बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसील कांठ के न्यायालयों में भ्रष्टाचार आदि का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। दोनों द्वार नहीं खुलने से अधिवक्ताओं में गुस्सा है। अधिवक्ताओं ने कमिश्नर और डीएम को 8 मार्च दोनों द्वार नहीं खोले जाने पर तहसील के न्यायालयों में तालाबंदी की चेतावनी दी है। तहसील प्रशासन ने अधिवक्ताओं की नारेबाजी प्रदर्शन से बचाव के लिए एक और के दोनों दरवाजे बंद कर दिए हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील में सीओ कार्यालय एवं रजिस्ट्री कार्यालय भी मौजूद हैं। इससे राजस्व की हानि हो रही है। अधिवक्ताओं ने आयुक्त एवं जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए 8 मार्च को दोनों द्वार नहीं खुलने पर न्यायालयों में तालाबंदी की चेतावनी दी है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेम सिंह महासचिव चरण सिंह देशवाल दीप सिंह दीपक विश्नोई शुगम पवार प्रदीप कुमार कोमल सिंह संजीव कुमार विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# माता कात्यायनी की भक्ति से सराबोर रहे मंदिर

मुरादाबाद-चैत्र नवरात्र के छठें दिन माता के षष्ठम स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने घंटों की गूंज और जयकारों के साथ माता के दर्शन किए। श्रद्धालओं के आने के कारण काली माता मंदिर लगभग दो घंटे देर से बंद हुआ और सायं समय से खोल दिया गया। जिन श्रद्धालुओं को सप्तमी को व्रतों का विश्राम देना है और वह पहला तथा आखिरी व्रत रखतीं हैं, उन्होंने भी आज षष्ठी का व्रत रखा। हवन हुए और सायं मंदिरों से घरों तक कीर्तन होते रहे। लाल बाग स्थित काली माता मंदिर सुबह पांच बजे खोल दिया गया। महंत सज्जन गिरि ने बताया कि मंदिर दोपहर 12 बजे बंद होता है। मगर श्रद्धालु आते रहे, इसलिए मंदिर में धुलाई आदि दो बजे की गई। मगर शाम को चार बजे ही कपाट खोल दिये गए। पूरे भवन में मां की भक्ति का संगीत गूंजता रहा। शाम को शयन आरती के समय में भी आधा घंटा बढ़ाना पड़ा। सिद्ध प्राचीन काली माता मंदिर के महंत रामगिरि ने बताया कि सुबह पांच बजे मंदिर खुलने से पहले ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। यह भक्तों के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। उन्होंने बताया कि दो साल कोरोना के कारण लोग नहीं आ पाए। इस बार पूरे उत्साह के साथ भक्तगण माता के दर्शन करने आ रहे हैं। लाल बाग स्थित कामधेनु रति देवी मंदिर के महंत छोटे लाल दक्ष ने बताया कि श्रद्धालुओं ने सुबह से ही कतारबद्ध होकर माता के दर्शन किए। पीएसी रोड खुशहालपुर स्थित छोटे शिव मंदिर में महिलाओं ने कीर्तन कर मां कात्यायनी की महिमा का गुणगान किया। काजल, सुधा, दया बत्रा, रजनी सक्सेना, ममता, प्रियंका, शिवी, आशू, पूनम, शकुंतला देवी, विमलेश शर्मा, चंद्रवती, रानी शर्मा, पुष्पा रानी शामिल रहीं। बुधबाजार स्थित श्री दुर्गा भवन मंदिर में मुख्य पुजारी परम राज जोशी ने हवन कराया। महिलाओं ने शाम के समय कीर्तन कर भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। इनमें कैलाश मल्होत्रा, अशोक, उषा मल्होत्रा, गीता चौधरी, सुमन मिगलानी, शीतल चावला, बबन मुंज्याल, स्वीटी, शारदा, अल्का आदि शामिल रहीं। रेलवे कालोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में प्रात- पुजारी हरि दत्त शास्त्री ने हवन कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं के



लिए मंदिर खोला गया। शाम के समय महिलाओं ने कीर्तन किया। लाइनपार स्थित माता मंदिर में पुजारी लाल सिंह ने सुबह हवन कराया। शाम में महिलाओं ने कीर्तन कर मां कात्यायनी की महिमा का गुणगान किया। कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर, पुलिस लाइन स्थित मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर बंगला गांव, श्री गीता ज्ञान मंदिर कोठीवाल नगर, कोलोशेड स्थित शक्तिलोक शिवालय आदि माता के भवन भी मां कात्यायनी देवी की आराधना से सराबोर रहे।

## माता के साथ साईं भजनों की भी रही धूम

भक्ति परिवार महिला संकीर्तन मंडल का लाजपत नगर में चल रहा नवरात्र संकीर्तन जारी रहा। गुरुवार को मां कात्यायनी की आराधना की गई। मां के दरबार को पीले रंग की साड़ी, गेंदे के फूल और झालरों से मनमोहक ढंग से सजाया गया। मुख्य यजमान कंचन खन्ना ने मां का सोलह शृंगार किया और सुहाग की पिटारी अर्पित की गई। ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन को गति दी गई। संचालक अनीता श्रीवास्तव ने मां की महिमा का वर्णन किया। गणेश वंदना के साथ भजन आरंभ हुए। गुरुवार होने के कारण साईं बाबा की भजनों की भी धूम रही। अध्यक्ष मधु बसंल सहित सरिता गुप्ता, अनीता नकरा, पवन अग्रवाल, नीलम बंसल, पुष्पा वहावा, नीरु बजाज, ममता श्री माली, साधना, कल्पना, ममता अग्रवाल, राज मदान, सुमन अग्रवाल, रीता रस्तोगी, मधुबाला, माला, शारदा पासी, सोनी वर्मा, हर्ष खन्ना, कनक, लक्ष्मी शुक्ला, वीना गुलाटी, सतविंदर कौर शामिल रहीं।

# रैली निकालकर संचारी रोगों से बचाव का दिया संदेश



मुरादाबाद-ग्राम सदरपुर में संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें संचारी रोगों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली का शुभारंभ दो अप्रैल को चिकित्सा अधीक्षक डॉ राघव कुमार एवं बीपीएम चंद्रशेखर यादव ने किया था। इसके बाद गांव-गांव और उप स्वास्थ्य केंद्रों पर संचारी रोगों से जागरूक करने हेतु रैलियां निकाली जा रही हैं। सुपरवाइजर राजवती ने प्राथमिक स्कूल सदरपुर में रैली का शुभारंभ किया। रैली में संक्रामक रोगों से बचाव हेतु आसपास साफ-सफाई रखने, पानी इकट्ठा नहीं होने देने, मच्छरों की रोकथाम, खुले में शौच नहीं जाने, स्वच्छ पानी का प्रयोग करने आदि के प्रति जागरूक किया। रैली में ग्राम प्रधान हरिराज सिंह, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्री मौजूद रहीं।

WWW.KNSLLIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086


इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Stop the massacre

Tragic news from the war continues unabated. Worse pictures of inhumanity are beginning to emerge. The signs of the massacre in Buka, Ukraine, have caused a wave of concern all over the world. For the first time, India has strongly condemned the violence. External Affairs Minister S Jaishankar told the Lok Sabha on the situation in Ukraine on Wednesday that India is completely against this conflict and is in favor of ending the violence immediately. Till now, this question was being asked repeatedly to India, answering the question with whom it is, the Indian External Affairs Minister said that if India has chosen any side, it is the side of peace. In the Lok Sabha, Jaishankar said India's stand is guided by national beliefs and values, national interests and national strategy. No solution can come at the cost of violence and innocent lives. Dialogue and diplomacy is the only solution. This stand of India is welcome. Against war and in favor of peace, Indian leaders will have to constantly present their views to the world. There should not be any message in the world that India is in favor of war or attack."If the reports of massacre in Buka are true, then India has stood in favor of an independent investigation. This is a big change in India's position. However, we must be careful, because we have seen ruthless wars or attacks even with the help of falsehood or propaganda. The forces involved in the war can go to any extent to strengthen their side. Therefore, the news coming from the war zone should be read only after examining it thoroughly. If India is in a position to prevent war, it should not shy away from its role. At the time of war, the Government of India can do better by telling truth as truth and falsehood and strengthening the side of humanity. If Russia has deliberately started targeting common people, then it must be condemned. This strategy is used by ruthless military commanders to win any war quickly, but it should never be forgotten, it is basically cowardice to target the unarmed during the time of war. The so-called powerful countries must desist from such reprehensible cowardice."The Indian External Affairs Minister has rightly said that all countries should respect the United Nations Charter and all international laws, the territorial integrity and sovereignty of all. The war is going on for forty days, who has got what? Must think. Russia is hiding its wounds, but lest it will take many decades for Russia to heal these wounds. It is the misfortune of our world that when America is avoiding military intervention after learning lessons from Iraq, Afghanistan, then Russian misadventure in Ukraine has disturbed the whole world. Children are fleeing Ukraine, people are fleeing, a large part of the world is being destroyed. India should make every effort to stop the devastation. Is an agreement possible between Russia and Ukraine? Can India bring both the countries on one platform? If India gets success in this direction, then it will be in the interest of India itself. Otherwise count carefully, one by one the situation in many countries has started deteriorating.

## Now Priyanka Chopra will be seen with this Marvel superhero, this will be the role of the actress in Amazon's 'Ending Things'



Actress Priyanka Chopra, who has shown her acting skills from Bollywood to Hollywood, is in discussion about her new film. She will once again be seen doing action in a Hollywood film. Priyanka Chopra will share screen space with Hollywood veteran and famous actor Anthony Mackie this time. Anthony Mackie has acted in many great films. He has also played a superhero in the Marvel Studios film Avengers. According to the news of English website Deadlines, Anthony Mackie and Priyanka Chopra are going to be seen in Amazon Prime Video's project Ending Things. Kevin Sullivan will direct this film. 'Ending Things' will be on the lines of famous filmmaker James Cameron's film True Lines. Whose story is gender-reversal in which a bloody woman wants to get out of the murder business, and she tells her business partner that she is ending their personal relationship as well. But she realizes that she cannot end their relationship. After which the two work as a team for the last time and then join forces for the last night. There is no official announcement yet about how Priyanka Chopra and Anthony Mackie will play in Ending Things. Nor has Priyanka Chopra given any reaction to this news yet. Hopefully, soon she will make an official announcement about it. At the same time, the fans of Priyanka Chopra and Anthony Mackie are very excited about this film and are eagerly waiting for the film. Let us tell you that Priyanka Chopra has been seen acting in many Hollywood films till now. In the past, he was seen in actor Keanu Reeves's much-loved action film The Matrix Resurrection. Priyanka Chopra made a lot of headlines with her superb action in the film. Apart from this, he has recently completed the shooting of Amazon Prime Video's series Citadel, which has been created by Russo Brothers.

## Ram Gopal Varma's lesbian film 'Khatra' has so many bold scenes that theaters refused to show the movie

Anuradha Paudwal is a singer. Now she has spoken about the azaan on loudspeaker. She has said that there are many countries abroad where it is banned. Similarly, it should be banned in India too. Said that she has visited many countries of the world and she did not see this happening anywhere other than India. Anuradha Paudwal said that she is not against any religion- Anuradha Paudwal also said that she is not against any religion But in India it is forcibly encouraged. He also said that people of other religions, troubled by loudspeaker Ajan, start asking questions as to why they cannot do this. Talking further about this, Anuradha Paudwal said Said, 'Such things are no longer being encouraged even in Muslim countries. Many Middle East countries have banned loudspeakers.' also said that if azaan is not banned on loudspeakers then People will start Hanuman Chalisa on it which can disturb social harmony. Anuradha Paudwal is a popular singer. She has sung in many films and she has also sung many bhajans. Sonu Nigam raised his voice about the loudspeaker - Earlier in 2017, Sonu Nigam had raised his voice about the azaan on the loudspeaker. Due to this, he was trolled fiercely. Although the authorities have so far failed to take down the loudspeakers.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# गेहूं के खेत में लगी आग,फसल जलकर हुई राख



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जलेसर - कोतवाली जलेसर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नगवाई में बुधवार की दोपहर समय करीब 1:30 बजे अचानक गेहूं की फसल में आग लग गई पट्टेदार चरण सिंह ने बताया कि खेत मालिक रामनरेश से 12 वीघा खेत पट्टे पर लिया था। खेत काटकर इकट्ठा रखा हुआ था। खेत के पास कुछ दूरी पर पट्टेदार खेत में कार्य कर रहा था अचानक गेहूं की फसल से धुआं उठता देखा तो शोर मचाया किसानों के सहयोग से आग पर बमुश्किल काबू पाया लेकिन तब तक उसकी लगभग 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। खेत मालिक रामनरेश ने बताया कि चरण सिंह को खेत पट्टे पर दिया हुआ था। गेहूं की फसल काटकर इकठ्ठी रखी हुई थी। अचानक आग लग गई लेखपाल व कानूनगो को अवगत करा दिया है।व सभी ग्रामवासियों के सहयोग व दमकल के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है। ग्राम प्रधान देवेश कुमार ने बताया कि अधिकारियों को अवगत करा दिया है जो सरकार द्वारा उचित मुआवजा मिलेगा उसे दिलवाया जाएगा।

# तस्करी को लाए गए 24 कि.ग्रा. गांजा एवं घटना में प्रयुक्त ऑटो सहित दो शातिर गांजा तस्कर गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली सफलता, तस्करी को लाए गए 24 कि.ग्रा. गांजा एवं घटना में प्रयुक्त ऑटो सहित दो शातिर गांजा तस्कर गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मादक पदार्थों तथा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा दो शातिर गांजा तस्कर को 24 किलोग्राम गांजा( कीमत करीब 03 लाख ) एवं घटना में प्रयुक्त ऑटो सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। घटनाक्रमानुसार दिनांक 06.04.2022 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो शातिर गांजा तस्करों को समय करीब 09.05 बजे तस्करी हेतु ले जाए जा रहे गांजे एवं घटना में प्रयुक्त ऑटो सहित गोल चक्कर शहीद पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया है। जामातलाशी में अभियुक्तों के पास से 24 किग्रा गांजा( कीमत करीब 03 लाख ) बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने अन्य साथीयों के साथ गांजे की तस्करी करते है, और इसी से अपने परिवार का पालन पोषण करते है,यह गांजा उन्होंने सुलतान पुत्र नामालुम निवासी नदरई बाईपास रोड कासगंज से तस्करी हेतु खरीदा था। प्रकरण के संबंध में अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर, प्रकाश में आए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास सहित थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# शासन द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु गेहूँ का समर्थन मूल्य 2015 रूपये प्रति कुन्तल निर्धारित-डीएम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि रबी विपणन वर्ष 2022-23 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को सरकारी क्रय केन्द्रो पर गेहूँ बेचने हेतु विभागीय पोर्टल www.fcs.up.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह पंजीयन कृषक स्वंय अथवा जनसूचना केन्द्र के माध्यम से अथवा साइबर कैफे के माध्यम से कराया जा सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण, कृषकों के भूलेख, आधार संख्या एवं पंजीकरण के समय कृषक के मोबाइल नम्बर पर प्रेषित ओ0टी0पी0 के आधार पर किया जायेगा। आधारलिंक बैंक एकाउंट का पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल से सत्यापन के उपरान्त ही पंजीकरण पूर्ण माना जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2022-23 हेतु गेहूँ का समर्थन मूल्य 2015 रूपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया हैं। जनपद एटा में इस वर्ष समस्त क्रय संस्थाओं के कुल 72 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं। शासन द्वारा जनपद हेतु 76000 मीट्रिक टन लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। समस्त कृषक भाई न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु अपना गेहूँ केन्द्र पर साफ करके एवं सुखाकर लायें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी क्रय केन्द्र समय से खोले जाएं, किसान भाईयों हेतु मूलभूत सुविधाएं प्रत्येक केन्द्र पर सुनिश्चित की जाएं।

# हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य' संदेश संग आज मनेगा विश्व स्वास्थ्य दिवस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद वासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने व अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं लोगो को मुहैया कराने के उद्देश्य से जिले में आज 'वर्ल्डहेल्थडे'यानी' विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाएगा। नोडल अधिकारी डॉ अभिनव दुबे ने बताया कि हर साल 7अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर जिला चिकित्सालय एटा पर हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य दिवस नोडल अधिकारी डॉ अभिनव दुबे ने कहा कि स्वस्थ शरीर सुखद जीवन का आधार होता है। और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में हमारी दिनचर्या, खानपान हमारे आसपास का पर्यावरण आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस 'अवर प्लेनेट अवर हेल्थ'यानी 'हमारा ग्रह हमारा स्वास्थ्य'थीमके साथ मनाया जा रहा है। यानी अपने प्लेनेट ( ग्रह ) को सुरक्षित रखकर ही हम स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। पर्यावरण प्रदूषण, ग्रीन हाउस इफेक्ट आदि के विषय में जब तक हम जागरूक नहीं होंगे तब तक हम स्वस्थ नहीं रह सकेंगे। अतः हमें अपने ग्रह, अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी कोसिंगलयूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने, कपड़े से निर्मित बैगों का उपयोग करने, जल संरक्षण, प्रदूषण रोकथाम के विषय में कार्य करने होंगे। साथ ही अधिक से अधिक पौधारोपणकरके हम हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बना सकेंगे। इससे बढ़ती बीमारियों पर विराम लगेगा और हम स्वस्थ जीवन निर्वाह कर सकेंगे। नोडल अधिकारी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर जिला चिकित्सालय एटापर वृहदहेल्थकैंप एवं सभीसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ कैंपका आयोजन किया जाएगा। कैंप में रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन, मुख कैंसर स्क्रीनिंग, ब्रेस्टकैंसर स्क्रीनिंग तथा हेपेटाइटिसबी व सी आदि की निशुल्क जांच की जाएगी।

# एटा रोटी बैंक के पूरे हुए 4 साल



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा रोटी बैंक के पूरे हुए 4 साल कल ही के दिन 5 अप्रैल 2018 को एटा रोटी बैंक का हुआ था शुभारंभ, गंगा जमुनी तहजीब के साथ कैलाश चंद्र मिश्र,पंडित जी एवं फिरोज आलम ने एक साथ, एटा रोटी बैंक पर केक काटकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया रोटी बैंक का 4 वर्षीय वर्षगांठ का प्रोग्राम, रोटी बैंक पर गरीब असहाय लोगों के लिए 4 वर्षीय प्रोग्राम को लेकर अलग तरह के भोजन का किया गया प्रबंध, खाने में सब्जी पूड़ी पनीर की सब्जी एवं मिठाई के कोल्ड ड्रिंक का भी किया गया इंतजाम, 4 साल से एटा रोटी बैंक का सपना कोई भूखा ना सोए अपना, स मौके पर एटा रोटी बैंक के संस्थापक मोहम्मद आमिर खान विष्णु दिवाकर शानू मिर्जा रिहान मुजीब उर रहमान रेहान कुरेशी शाकिर सैफी अरबाज अहमद जीशान सैफी फरमान के साथ अन्य लोग भी रहे मौजूद,

# एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी को 04 वर्ष कारावास एवं 10000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी को 04 वर्ष कारावास एवं 10000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 06.04.2021 को अभियुक्त महेश पुत्र हरप्रसाद निवासी महाराजपुर थाना जसरथपुर जिला एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 91/16 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना जसरथपुर जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज FTC-2/एनडीपीएस कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 04 वर्ष कठोर कारावास एवं 10000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सपा विधायक पेट्रोल पंप पर चला बरेली विकास प्राधिकरण का बुलडोजर

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली-सीबीगंज में सपा विधायक शजील इस्लाम के फार्महाउस के समीप एस आर नाम से पेट्रोल पंप काफी समय से चल रहा है बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा नक्शा पास ना होने के कारण वी डी ? द्वारा नोटिस देकर सूचना दी थी जिसका कोई जवाब ना मिलने के कारण अचानक बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा पेट्रोल पंप को ध्वस्त कर दिया क्या मौके पर तेल डलवाने वाली गाड़ियों की भी परवाह नहीं की कुछ समय पूर्व सपा विधायक द्वारा विवादित बयान दिए थे जिस पर हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा थाने में एफ आई आर दर्ज हुई थी इधर विधायक कुछ समझ भी नहीं पाए उधर पेट्रोल पंप पर बरेली विकास प्राधिकरण बड़ी कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप को ध्वस्त किया मौके पर पुलिस प्रशासन का अधिकारी मौजूद है

# दिव्यांग ने पुलिस अधीक्षक बांदा से लगाई गुहार

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा-बांदा जनपद के तिंदवारी थाना क्षेत्र के गोधनी गांव निवासी दिव्यांग लवकुश यादव पुत्र धनपत यादव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बांदा पहुंच कर अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि मैने अपने भाई सुरेश को अपनी भैस बटाई पर दी थी ।जिसे भाई सुरेश ने अपने निजी लाभ हेतु बेच दिया।भैस बेचने की जानकारी होने पर अपने भाई से भैस की आधी कीमत मांगने गया तो गुस्से से अपने पुत्र वा साले के साथ मिल कर मुझ पर हमला कर दिया। जिसकी सूचना संबंधित थाने को दी मगर कोई करवाई न होने पर परेशान होकर आज बांदा पुलिस अधीक्षक से भैस की आधी कीमत दिलाए जाने वा मार पीट करने पर उचित कार्यवायी किए जाने की मांग की।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिला अस्पताल में लगाया गया कैंप




अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- जिला अस्पताल बांदा में स्क्रीनिंग कैंप लगाकर निशुल्क चेकअप,किया गया। साथ ही शुगर ब्लड प्रेशर थायरायड की बीमारियों में मरीजों को योग वा खान पान का ध्यान देने की सलाह दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा लोगों की आरामदायक जीवन शैली से हो रही गंभीर बीमारियां, लोग अपने खानपान मैं सुधार कर बच सकते हैं गंभीर बीमारियों से, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों को मॉर्निंग वॉक और योगा की दी सलाह।

# प्राथमिक शाला सिंघरी में पानी की समस्या की सूचना पर पहुँचे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सुरजपुर- जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवभजन सिंह मराबी ने कलेक्टर से फोन पर चर्चा कर तत्काल हैण्डपंप खनन करवाने ग्रामीणों को दिया आश्वासन प्राथमिक शाला सिंघरी में हैंडपंप का केसीन पाइप धसकने से पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी । जिसकी सूचना ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवभजन सिंह मरावी को दिया। ग्रामीणों की सूचना पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि तत्काल मौके पर पहुंचे और बच्चों व ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व हैंडपंप का केसिंग पाइप धसक गया है ।जिससे भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचना दिया गया लेकिन नया बोर खनन कराने कोई पहल नहीं की गई।जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवभजन सिंह मरावी ने तत्काल जिले के कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह से फोन पर चर्चा कर स्कूली बच्चों के पीने के पानी की समस्या से अवगत कराया जिस पर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने जल्द से जल्द नया नलकूप खनन करवाने का आश्वासन दिया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि कभी भी कोई समस्या हो तो तत्काल उन्हें अवगत कराएं । जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि की इस पहल पर स्कूली बच्चे व ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जनपद सदस्य कमलेश राजवाड़े ,अशोक कुमार एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# आरोपी के कब्जे से मोबाईल , लैपटाप , स्मार्ट घड़ी , मोटर सायकल एवं नगदी रकम 4020 रुपये कुल 1,59,020 कीमती जप्त

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जीपीएम पुलिस आईपीएल के ऑन लाइन सट्टा पर लगातार कार्यवाही कर रही है । पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर को आईपीएल सट्टा की कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किये है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी पेंड्रा एवं स्टाफ के द्वारा दिनाँक 5.4.22 को मुखबिर की सूचना पर रेड कार्यवाही कर पेण्ड्रा के रितेश सुल्तानिया पिता रामअवतार उम्र 21 साल साकिन बजरंग चौक पेंड्रा का रहने वाला कोतवाली रोड पेंड्रा पूजा श्री टाकिज के किनारे में मिला जो अपने मोबाईल एवं लैपटाप सð SKY EXCHANGE साईड से ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट मैच सट्टा खेलाते हुये मौके पर हमराह स्टाफ के दबिश के दौरान मिला जो राजस्थान रायल एवं रायल चैलेंजर बेंगलोर आईपीएल क्रिकेट मैच में आरोपी रितेश सुल्तानिया द्वारा ऑनलाईन बैटिंग साईड पर भारी मात्रा में किक्रेट सट्टा ऑनलाईन मोबाईल से सट्टा लिखते एवं खिलाते हुए मौके पर पकड़ा गया जिसके पास से 1. सैमसंग फोल्डिंग वाला गोल्ड कलर जिसमें सिम 7771087354 कीमती 30000 /- रूपयें 2.वीवों एक्स 60 ब्लैक कलर जिसमें सिम 7000492047 कीमती 40000 रू/- 3. ओप्पो-53 मेहरून कलर जिसका सिम नंबर नही पता कीमती 10000/-रूपयें 4. लैपटप डेल कंपनी ब्लैक कलर जिसका स्ह 8237860129 चार्जर सहित सेकेंड हेंड वाला कीमती 20000/- रूपयें 5. एक स्मार्ट वच आर्मी ग्रीन कलर कीमती 5000/-रूपयें 6- एक पुरानी मोटर सायकल क्रमांक CG10-BE-4434 होंडा एसपी 125 सीसी कीमती 50000 रूपयें एवं नगदी रकम 4020 रूपयें /- एवं कुल 159020/-रूपयें का मोबाईल , लैपटप , स्मार्ट घड़ी , मोटर सायकल एवं नगदी रकम जप्त किया गया है। साथ ही आरोपी के पास आईपीएल ऑनलाईन किक्रेट सट्टा का 50000/ -रूपयें का लेखा जोखा मिला है । आरोपी के विरुद्ध अपराध कायमी उपरांत गिरफ्तार किया गया है।विदित हो कि विगत दिवस 03 आईपीएल सटोरियों के विरुद्ध जीपीएम पुलिस के द्वारा कार्यवाही की गयी है।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय श्रावस्ती का किया वार्षिक निरीक्षण

प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने पुलिस कार्यालय श्रावस्ती का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यालय की समस्त शाखा- प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पेशी अपर पुलिस अधीक्षक, पेशी क्षेत्राधिकारी लाईन/नगर, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, डी0सी0आर0बी0, अपराध शाखा, विशेष किशोर पुलिस ईकाई, ए0एच0टी0यू0, आयोग सेल, आगन्तुक हेल्प डेस्क, आई0जी0आर0एस0 शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, सी0सी0टी एन0एस0, विधिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, जनसूचना, साइबर सेल, मॉनीटरिंग सेल, मीडिया सेल व स्थानीय अभिसूचना इकाई का निरीक्षण/ भ्रमण किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान शाखाओं में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी की साथ ही समस्त शाखा प्रभारियों को रिकार्डों का सही ढंग से रख रखाव व अद्यतन करने, डी0सी0आर0वी0 शाखा को अभियान चलाकर अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही कराने, विशेष किशोर पुलिस इकाई व एएचटीयू शाखा को पॉक्सो एक्ट व बालश्रम संबंधी मामलों में प्रभावी कार्यवाही करने, जनशिकायत व आई0जी0 आर0एस0 शाखा को जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराने, प्रधानलिपिक शाखा में लंबित प्रारम्भिक जांच का शीघ्र निस्तारण व समस्त चरित्र पंजिकाओ में मंतव्य अंकन कराने, अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिए।